चंद्रायान-2 की लैंडिंग को मोदी के साथ ईसरो के बेंगलुरू सेंटर में देखेंगे शहर के दो स्टूडेंट्स

एजुकेशन रिपोर्टर | चंडीगढ़

अक्षत शुक्ला रेजल गुप्ता

देश के लिए 7 सितंबर का दिन काफी महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि इस दिन चंद्रयान-2 की लैंडिंग हो रही है। इसे देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देश के कुछ चुनिंदा स्टूडेंट्स को चुना गया है। इन्हीं में से दो स्टूडेंट चंडीगढ़ से भी हैं। इनमें शामिल हैं सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 26 में 10वीं की स्टूडेंट रेजल गुप्ता और केंद्रीय विद्यालय थ्री-बीआरडी एयरफोर्स में 10वीं क्लास के स्टूडेंट अक्षत शुक्ला। यह दोनों 7 सितंबर को बेंगलुरू के ईसरो ट्रैकिंग सिस्टम में नरेंद्र मोदी के साथ लैंडिंग देखेंगे।

ईसरो अहमदाबाद में भी जा चुकी हैं रेजल : इन दोनों स्टूडेंट्स को स्पेस क्विज के जरिए चुना गया जो कि अगस्त में हुआ था। दोनों ने क्विज में चंडीगढ़ से टॉप पोजिशन ली है। पंचकूला सेक्टर-8 की रेजिडेंट रेजल ने बताया कि इवह मई 2019 में युविका प्रोग्राम के तहत अहमदाबाद स्थित ईसरो के सेंटर जा चुकी हैं और वहां पर 15 दिन के लिए रही थीं। स्पेस में उनका काफी इंट्रेस्ट है और सपना स्पेस साइंटिस्ट बनने का है। रेजल की प्रिंसिपल सिस्टर निशा ने रेजल को बधाई दी। रेजल के पिता धीरज गुप्ता एक गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर हैं।

एबेकस का फायदा स्पेस क्विज में मिला : अक्षत ने कहा कि मैंटल मैथ्स के तहत एबेकस सीखते आ रहे हैं। तीन साल से वह चैंपियन हैं और नेशनल लेवल पर जीत रहे हैं। चौथी क्लास से एबेकस सीख रहे हैं। अक्षत के पिता आशुतोष शुक्ला इंडियन एयरफोर्स में जूनियर वॉरंट ऑफिसर हैं।